# इण्टरमीडिएट परीक्षा, 2012

## सामान्य हिन्दी–द्वितीय प्रश्नपत्र

समय : 3 घण्टे, 15 मिनट] 305 (DL) [पूर्णांक : 50

निर्देश–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

1. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिएः 4+4=8

(क) अस्यैव कन्दरासु तपस्यन्तः अनेके ऋषयो मनुयश्च परां सिद्धिं प्राप्तवन्तः। अस्य सिद्धिमत्वं विलोक्यैव 'उपहरे गिरीणां संगमे च नदीनां धिया विप्रोऽजायत' इत्यादि कथयन्तः वैदिकाः ऋषयः अस्य महत्वं स्वीकृतवन्तः। पुराणेषु सर्वविद्यानाम् सिद्धिनां प्रदातुः शिवस्य स्थानम् अस्यैव पर्वतस्य कैलासशिखरे स्वीकृतमस्ति। *अथवा*

महापुरुषाः लौकिक-प्रलोभनेषु बद्धाः नियत लक्ष्यात्र कदापि भ्रश्यन्ति। देशसेवानुरक्तोअयं युवा उच्च न्यायालयस्य परिधौ स्थातुं नाशक्नोत्। पण्डित मोतीलाल नेहरू लाला लाजपत राय प्रभृतिभिः अन्यैः राष्ट्रनायकैः सह सोअपि देशस्य स्वतंत्रतासंग्रामे अवतीर्णः। देहल्यां त्रयोविंशतितमे कांग्रेसस्याधिवेशनेअयम् अध्यक्षपदमलङ्कृतवान्।

(ख) वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।
लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुमर्हति।। *अथवा*
जातस्य हि ध्रुवोमृत्युध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्माद् परिहायेअर्थे न तु शोचितुमर्हसि।।

2. निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** की संदर्भ सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिएः
(अ) तनुत्यजां नास्ति शरीरबन्धः। (ब) दरिद्रे दीयते दानं सफलं पाण्डुनन्दन।
(स) राजधर्मं बुधा प्राहुर्दण्ड नीति-विचक्षणाः।

3. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिएः 2+2=4

(i) लाल-पीला होना (ii) चेहरे पर हवाईयाँ उड़ना (iii) आम के आम गुठलियों के दाम (iv) घर का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध (v) अधजल गगरी छलकत जाय।

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिएः

(i) यद्यपि
(अ) यद्य + अपि (ब) यदि + अपि (स) यद् + अपि (द) यद + आपि।

(ii) सुरेन्द्रः
(अ) सुरा + इन्द्रः (ब) सुर + एन्द्रः (स) सुरे + न्द्र (द)सुरे + इन्द्रः।

(iii) पावकः
(अ) पौ + अकः (ब) पाव + कः (स) प + आकः (द) पा + आवकः।

(ख) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिएः 1+1=2

(i) प्रणय-परिणय
(अ) विवाह-प्रेम,(ब) प्रेम-विवाह (स) दाम्पत्य-विवाह(द) दाम्पत्य-विवाह संस्कार।

(ii) अंश-अंस
(अ) भाग-कंधा (ब) कंधा-भाग (स) भाग-किरण (द) भाग-अंश।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के **दो** अर्थ लिखिएः 2

(i) नग (ii) प्रकाश (iii) धवल।

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **दो** के लिए **एक-एक** शब्द लिखिएः

(i) जिसका विवाह न हुआ हो (ii) जिसे देखा न जा सके (iii) जहाँ जाया न जा सके (iv) जिसकी कोई सीमा न हो (v) जिसकी पत्नी मर गई हो।

(ङ) निम्नलिखित शब्द रूपों में से किसी **एक** का वचन और विभक्ति लिखिएः

(i) नाम्ना (ii) जगत्सु (iii) सर्वान्।

(च) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** को शुद्ध कीजिएः 1+1=2

(i) हमें सदैव हमेशा परिश्रम करना चाहिए। (ii) हाथी घोड़े दौड़ रहा है। (iii) राम और सोहन जाता है। (iv) मुझे चाय का गर्म प्याला दो।

5. (क) करुण **अथवा** श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 2

(ख) उपमा **अथवा** यमक अलंकार की परिभाषा (लक्षण) उदाहरण सहित दीजिए। 2

(ग) दोहा **अथवा** चौपाई छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए! 2

6. प्रधानाचार्य को लिपिक पद पर नियुक्त हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 2

*अथवा* स्वास्थ्य अधिकारी को अपने नगर की सफाई हेतु पत्र लिखिए।

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिएः

(i) भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति। (ii) ग्रामीण कृषकों की समस्या। (iii) महँगाई समस्या और उसका समाधान। (iv) विद्यालय में स्वास्थ्य-शिक्षा का महत्व। (v) जनसंख्या नियंत्रण।